[2024] 6 एससीआर 666 : 2024 आईएनएससी 414

**प्रबीर पुरकायस्थ**

**बनाम**

**राज्य (राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली)**

(आपराधिक अपील सं. 2577/2024)

15 मई 2024

**[न्या. श्री बी.आर. गवई एवं न्या. श्री संदीप मेहता]**

## विचारणीय विवाद्यक

क्या अभियुक्त अपीलार्थी की गिरफ्तारी और उसके बाद प्रतिप्रेषण दोषपूर्ण था क्योंकि प्रतिप्रेषण आदेश पारित करने से पहले उसे या उसके अधिवक्ता को प्रतिप्रेषण आवेदन की प्रति उपलब्ध नहीं कराई गई थी, इस प्रकार उन्हें गिरफ्तारी के आधार के बारे में लिखित में जानकारी नहीं दी गई थी।

## शीर्ष टिप्पणियां

**गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम, 1967 - भारत का संविधान - अनुच्छेद 22(1) एवं 22(5) - यूएपीए की धारा 13, 16, 17, 18, 22ग तथा भा.दं.सं. की धारा 153क, 120ख के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई - अपीलार्थी को इस संबंध में गिरफ्तार किया गया था, हालांकि, गिरफ्तारी ज्ञापन में 'गिरफ्तारी के आधार' नहीं थे - अपीलार्थी को बाद में प्रतिप्रेषण न्यायाधीश द्वारा पुलिस अभिरक्षा में भेज दिया गया - इस प्रकार, अपीलार्थी को उसकी गिरफ्तारी के समय और उसे पुलिस अभिरक्षा में भेजने से पहले गिरफ्तारी के आधार नहीं बताए गए - अपीलार्थी द्वारा गिरफ्तारी और पुलिस अभिरक्षा प्रतिप्रेषण**

**को चुनौती दी गई - उच्च न्यायालय की एकल न्यायपीठ द्वारा आक्षेपित निर्णय के माध्यम से अस्वीकृत किया गया - वैधता:**

**अभिनिर्धारित:** भारत के संविधान के अनुच्छेद 22(1) एवं 22(5) के तहत किसी अपराध के सिलसिले में गिरफ्तार किए गए व्यक्ति या निवारक निरोध में रखे गए व्यक्ति को गिरफ्तारी के आधार या निरोध के आधार को लिखित रूप में सूचित करने की आवश्यकता रक्षणीय है और किसी भी स्थिति में इसका उल्लंघन नहीं किया जा सकता है- इस संवैधानिक आवश्यकता और वैधानिक आदेश का पालन न करने पर अभिरक्षा या नजरबंदी अवैध हो जाएगी - किसी अपराध के लिए गिरफ्तार व्यक्ति को गिरफ्तारी के आधार यथाशीघ्र लिखित रूप में बताए जाने चाहिए - गिरफ्तारी ज्ञापन में कहीं भी यह नहीं बताया गया था कि अपीलार्थी को किस आधार पर गिरफ्तार किया जा रहा था - यह केवल एक निर्देशन पत्र था जिसमें औपचारिक 'कारण' दर्शाए गए थे जिनके लिए उसे गिरफ्तार किया जा रहा था - प्राथमिकी की प्रति पहली बार दिनांक 5.10.2023 को अभियुक्त का प्रतिनिधित्व करने वाले अधिवक्ता को प्रदान की गई थी- गिरफ्तारी ज्ञापन के अनुसार अपीलार्थी को दिनांक 3.10.2023 को शाम 5:45 बजे गिरफ्तार किया गया था- जांच अधिकारी (जां.अधि.) के पास अपीलार्थी को संबंधित मजिस्ट्रेट के समक्ष पेश करने और आवश्यकता पड़ने पर उसकी पुलिस अभिरक्षा प्रतिप्रेषण मांगने के लिए दिनांक 4 अक्टूबर 2023 को शाम 5:44 बजे तक का समय था- अपीलार्थी के अधिवक्ता ने अपीलार्थी की गिरफ्तारी के बाद दिनांक 3.10.2023 को थाने में स्वयं को पेश किया एवं उसका मोबाइल नंबर जां.अधि के पास उपलब्ध था, हालांकि, अपीलार्थी को दिनांक 3.10.2023 को लगभग सुबह 6:00 बजे से पहले किसी समय प्रतिप्रेषण न्यायाधीश के निवास पर पेश किया गया- अपीलार्थी को कानूनी सहायता प्रदान करने के लिए, कथित तौर पर

एक प्रतिप्रेषण अधिवक्ता को न्यायालय में उपस्थित रखा गया था - यह पूरी प्रक्रिया गुप्त तरीके से की गई और यह विधि की उचित प्रक्रिया को दरकिनार करने का एक स्पष्ट प्रयास था; अभियुक्त को गिरफ्तार किए जाने के आधार बताए बिना उसे पुलिस अभिरक्षा में रखने का; उसे अपनी पसंद के कानूनी व्यवसायी की सेवाओं का लाभ उठाने के अवसर से वंचित करने का, ताकि पुलिस अभिरक्षा प्रतिप्रेषण के लिए प्रार्थना का विरोध किया जा सके, जमानत मांगी जा सके और साथ ही न्यायालय को गुमराह किया जा सके - अभियुक्त ने स्वयं के बचाव के लिए एक अधिवक्ता नियुक्त किया था, अतः कोई कारण नहीं था कि प्रस्तावित प्रतिप्रेषण आवेदन की सूचना उसके अधिवक्ता को अग्रिम रूप से क्यों नहीं भेजी गई - प्रतिप्रेषण न्यायाधीश द्वारा प्रतिप्रेषण मंजूर किए जाने के बाद प्रतिप्रेषण आवेदन अपीलार्थी के अधिवक्ता को प्रेषित किया गया, जो कि दिनांक 4.10.2023 के प्रतिप्रेषण आदेश के अनुसार सुबह 6:00 बजे था - प्रतिप्रेषण आदेश में दर्ज किया गया कि प्रतिप्रेषण आवेदन की प्रति अपीलार्थी द्वारा नियुक्त अधिवक्ता को व्हाट्सएप के माध्यम से भेजी गई थी - ये पंक्तियाँ बाद में जोड़ी गई बातों का स्पष्ट संकेत देती हैं- प्रतिप्रेषण का आदेश पहले ही सुबह 6 बजे पारित किया जा चुका था और इसलिए, अधिवक्ता को सुनवाई का बाद में दिया गया अवसर, यदि कोई हो, तो व्यर्थ की कवायद के अलावा कुछ नहीं था- गिरफ्तारी के आधारों के बारे में लिखित में संचार करने के कथित प्रयास में प्रतिप्रेषण आवेदन की प्रति अपीलार्थी या उसके अधिवक्ता को दिनांक 4.10.2023 के प्रतिप्रेषण आदेश पारित करने से पहले उपलब्ध नहीं कराई गई थी, जिससे उसकी गिरफ्तारी और बाद की प्रतिप्रेषण कार्यवाही त्रुटिपूर्ण सिद्ध हुई - अपीलार्थी की गिरफ्तारी के बाद दिनांक 4.10.2023 का प्रतिप्रेषण आदेश एवं उच्च न्यायालय द्वारा पारित आक्षेपित आदेश अवैध हैं तथा इन्हें अभिखंडित एवं अपास्त किया जाता है- अपीलार्थी,

पंकज बंसल बनाम भारत संघ व अन्य [2023] 12 एससीआर 714 में विनिश्चयाधार लागू करके अभिरक्षा से रिहा होने का हकदार है- [पैरा 30, 33, 34, 36, 39, 50, 51]

**गैरकानूनी गतिविधियाँ (रोकथाम) अधिनियम, 1967- धारा 43ख(1) - धन शोधन निवारण अधिनियम, 2002- धारा 19(1) - भारतीय संविधान - अनुच्छेद 22(1) - अपीलार्थी ने पंकज बंसल बनाम भारत संघ व अन्य [2023] 12 एससीआर 714 में दिए गए निर्णय पर भरोसा करते हुए तर्क दिया कि उक्त मामले में पीएमएलए की धारा 19(1) जो यूएपीए की धारा 43ख(1) *के समरूप* है, की व्याख्या की गई थी और यह अभिनिर्धारित किया गया था कि यदि प्रारंभिक गिरफ्तारी कानून के अनुरूप नहीं है, तो केवल लगातार प्रतिप्रेषण आदेश पारित करना इसे वैध बनाने के लिए पर्याप्त नहीं होगा:**

**अभिनिर्धारित:** पीएमएलए की धारा 19(1) और यूएपीए की धारा 43ख(1) में प्रयुक्त भाषा में कोई महत्वपूर्ण अंतर नहीं है - यूएपीए की धारा 43ख(1) में गिरफ्तार व्यक्ति को गिरफ्तारी के आधार के बारे में सूचित करने का प्रावधान शब्दशः पीएमएलए की धारा 19(1) के समान है - प्रत्यर्थी द्वारा प्रस्तुत तर्क कि पीएमएलए की धारा 19 एवं यूएपीए की धारा 43क और 43ख में निहित समग्र प्रावधानों में कुछ भिन्नताएं हैं, इससे यूएपीए की धारा 43ख(1) के तहत गिरफ्तार व्यक्ति को गिरफ्तारी के आधारों की जल्द से जल्द सूचना देने के लिए गिरफ्तार करने वाले अधिकारी के वैधानिक आदेश पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा, क्योंकि गिरफ्तारी के आधारों को बताने की आवश्यकता दोनों परिनियमों में समान है **- दोनों प्रावधानों का स्रोत संविधान के अनुच्छेद 22(1) के तहत प्रदत्त संवैधानिक सुरक्षा है -** अतः, व्याख्या के स्वर्णिम नियमों को लागू करते हुए, वे प्रावधान जो पीएमएलए या यूएपीए के तहत अपराध करने के आरोप में गिरफ्तार व्यक्ति को एक बहुत ही महत्वपूर्ण संवैधानिक सुरक्षा प्रदान करते हैं, उन्हें समान रूप से

व्याख्यायित एवं लागू किया जाना चाहिए- गिरफ्तार व्यक्ति को लिखित रूप में गिरफ्तारी के आधार की जानकारी देने के पहलू पर पंकज बंसल मामले में निर्धारित वैधानिक आदेश की व्याख्या, यूएपीए के प्रावधानों के तहत पंजीकृत मामले में गिरफ्तार व्यक्ति पर *समगति से* लागू की जानी चाहिए। [अनुच्छेद 17, 19]

**गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम, 1967 – भारत का संविधान – अनुच्छेद 20, 21 और 22 – लिखित रूप में गिरफ्तारी के आधार के बारे में सूचित किए जाने का अधिकार – उद्देश्य:**

**अभिनिर्धारित:** यूएपीए के प्रावधानों के तहत अपराध करने के आरोप में या किसी अन्य अपराध के लिए गिरफ्तार किए गए किसी भी व्यक्ति को लिखित रूप में गिरफ्तारी के आधार के बारे में सूचित किए जाने का मौलिक एवं वैधानिक अधिकार है और गिरफ्तारी के ऐसे लिखित आधारों की एक प्रति गिरफ्तार व्यक्ति को बिना किसी अपवाद के जल्द से जल्द उपलब्ध कराई जानी चाहिए - गिरफ्तार व्यक्ति को गिरफ्तारी के आधारों की जानकारी देने का उद्देश्य हितकारी एवं रक्षणीय है, क्योंकि यह जानकारी गिरफ्तार व्यक्ति के लिए अपने अधिवक्ता से परामर्श करने, पुलिस अभिरक्षा प्रतिप्रेषण का विरोध करने और जमानत प्राप्त करने का एकमात्र प्रभावी साधन होगी- कोई भी अन्य व्याख्या अनुच्छेद 22(1) के तहत गारंटीकृत मौलिक अधिकार की शक्ति को कम करने के समान होगी - जीवन और व्यक्तिगत स्वतंत्रता का अधिकार अनुच्छेद 20, 21 और 22 के तहत गारंटीकृत सबसे रक्षणीय मौलिक अधिकार है- भारतीय संविधान के अनुच्छेद 20, 21 और 22 द्वारा प्रदत्त ऐसे मौलिक अधिकार का उल्लंघन करने के किसी भी प्रयास से सख्ती से निपटा जाना चाहिए- गिरफ्तारी के आधार के बारे में सूचित किए जाने का अधिकार भारत के संविधान के अनुच्छेद 22(1) से प्राप्त होता है एवं इस मौलिक अधिकार का कोई भी उल्लंघन

गिरफ्तारी और प्रतिप्रेषण की प्रक्रिया को निष्फल कर देगा - केवल इस तथ्य से कि मामले में आरोप पत्र दायर कर दिया गया है, अभियुक्त की गिरफ्तारी के समय की गई अवैधता, असंवैधानिकता तथा अभियुक्त को प्रारंभिक पुलिस अभिरक्षा प्रतिप्रेषण प्रदान करने को वैध नहीं ठहराया जा सकता है - प्रत्यर्थी की यह दलील खारिज कर दी गई कि अपीलार्थी को गिरफ्तारी के आधार लिखित रूप में बताने की विधि के तहत कोई आवश्यकता नहीं है। [पैरा 20-22]

**आपराधिक कानून - गिरफ्तारी ज्ञापन - 'गिरफ्तारी के कारण' *बनाम* 'गिरफ्तारी के आधार' - 'गिरफ्तारी के आधार' को 'गिरफ्तारी के कारणों' के समान नहीं समझा जा सकता है:**

**अभिनिर्धारित:** 'गिरफ्तारी के कारण' और 'गिरफ्तारी के आधार' वाक्यांशों में महत्वपूर्ण अंतर है। गिरफ्तारी ज्ञापन में बताए गए 'गिरफ्तारी के कारण' पूरी तरह से औपचारिक मापदंड हैं, अर्थात्, अभियुक्त व्यक्ति को आगे कोई अपराध करने से रोकना; अपराध की उचित जांच करना; अभियुक्त व्यक्ति को अपराध के साक्ष्य को गायब करने या किसी भी तरीके से ऐसे साक्ष्य के साथ छेड़छाड़ करने से रोकना; गिरफ्तार व्यक्ति को मामले के तथ्यों से परिचित किसी भी व्यक्ति को प्रलोभन, धमकी या वादा करने से रोकना ताकि उसे न्यायालय या जांच अधिकारी के सामने ऐसे तथ्यों को प्रकट करने से रोका जा सके। ये कारण सामान्यतः किसी भी ऐसे व्यक्ति पर लागू होंगे जिसे किसी अपराध के आरोप में गिरफ्तार किया गया हो, जबकि 'गिरफ्तारी के आधार' में जांच अधिकारी के पास मौजूद ऐसे सभी विवरण शामिल होने चाहिए जिनके कारण अभियुक्त की गिरफ्तारी आवश्यक हो। इसके साथ ही, गिरफ्तार किए गए अभियुक्त को लिखित रूप में गिरफ्तारी के आधारों के बारे में सभी बुनियादी तथ्य बताए जाने चाहिए, जिनके आधार पर उसे गिरफ्तार किया जा रहा है, ताकि

उसे अभिरक्षा में प्रतिप्रेषण के विरुद्ध अपना बचाव करने तथा जमानत प्राप्त करने का अवसर मिल सके। इस प्रकार, 'गिरफ्तारी का आधार' हमेशा ही अभियुक्त के लिए व्यक्तिगत होगा और इसे 'गिरफ्तारी के कारणों' के साथ नहीं जोड़ा जा सकता, जो कि सामान्य प्रकृति के होते हैं। [पैरा 49]

**भारत का संविधान - अनुच्छेद 141 - प्रत्यर्थी का अभिवचन यह है कि पंकज बंसल बनाम भारत संघ व अन्य [2023] 12 एससीआर 714 में अभियुक्त अपीलार्थी द्वारा भरोसा किया गया निर्णय, दिनांक 4.10.2023 को की गई प्रतिप्रेषण की कार्यवाही पर लागू नहीं होगा क्योंकि अपीलार्थी को दिनांक 4.10.2023 को पुलिस अभिरक्षा में भेज दिया गया था जबकि पंकज बंसल का निर्णय दिनांक 4.10.2023 को देरी से सर्वोच्च न्यायलय की वेबसाइट पर अपलोड किया गया था एवं इसलिए, गिरफ्तार करने वाले अधिकारी से उसमें दिए गए निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित करने की उम्मीद नहीं की जा सकती थी और इस प्रकार, अपीलार्थी को लिखित में गिरफ्तारी के आधार प्रस्तुत करने में जाँच अधिकारी की कथित निष्क्रियता पर सवाल नहीं उठाया जा सकता है क्योंकि पंकज बंसल का निर्णय प्रतिप्रेषण आदेश पारित होने के बाद अपलोड किया गया था तथा सार्वजनिक क्षेत्र में लाया गया था:**

**अभिनिर्धारित:** उक्त अभिवचन त्रुटिपूर्ण है - निर्विवाद रूप से, अपीलार्थी को दिनांक 4.10.2023 को पुलिस अभिरक्षा में भेज दिया गया था, जबकि पंकज बंसल के मामले में निर्णय दिनांक 3.10.2023 को दिया गया था - निर्णय को देरी से अपलोड करने के संबंध में केवल एक अनुमान के आधार पर, प्रत्यर्थी को यह तर्क देने की अनुमति नहीं दी जा सकती कि पंकज बंसल का विनिश्चयाधार वर्तमान मामले पर लागू नहीं होगा - एक बार जब इस न्यायालय ने संवैधानिक योजना के संदर्भ में कानून के प्रावधानों की व्याख्या कर दी है और यह निर्धारित

कर दिया है कि गिरफ्तारी के आधारों को अभियुक्त को शीघ्रता से लिखित रूप में सूचित किया जाना चाहिए, तो उक्त विनिश्चयाधार भारत के संविधान के अनुच्छेद 141 के आधार पर देश के सभी न्यायालयों पर बाध्यकारी विधि बन जाता है। [पैरा 45]

**भारत का संविधान - अनुच्छेद 22(5), 22(1) - प्रत्यर्थी ने अनुच्छेद 22(5) की भाषा का हवाला देते हुए तर्क दिया कि निवारक निरोध के मामले में भी, संवैधानिक योजना में यह आवश्यक नहीं है कि जिन आधारों पर निरोध का आदेश पारित किया गया है, उन्हें बंदी को लिखित रूप में सूचित किया जाना चाहिए:**

**अभिनिर्धारित:** उक्त अभिवचन विधि की नजर में प्रथम दृष्टया अस्वीकार्य है - इस न्यायालय का यह लगातार मत रहा है कि जिन आधारों पर किसी नागरिक की स्वतंत्रता पर अंकुश लगाया जाता है, उन्हें लिखित रूप में सूचित किया जाना चाहिए ताकि वह स्वतंत्रता से वंचित होने के विरुद्ध उपचारात्मक उपाय करने में सक्षम हो सके- आधारों के संसूचना के संबंध में भारत के संविधान के अनुच्छेद 22(1) और अनुच्छेद 22(5) में प्रयुक्त भाषा बिल्कुल एक समान है- किसी भी संवैधानिक प्रावधान में यह आवश्यक नहीं है कि "गिरफ्तारी" या "अभिरक्षा" के 'आधार', यथास्थिति, लिखित रूप में बताए जाएं- इस प्रकार, मौलिक अधिकार के इस महत्वपूर्ण पहलू की व्याख्या, जैसा कि संविधान न्यायपीठ ने हरिकिसन बनाम महाराष्ट्र राज्य व अन्य [1962] पूरक 2 एससीआर 918 में भारत के संविधान के अनुच्छेद 22(5) के दायरे की जांच करते समय की थी, वह स्वतः ही भारत के संविधान के अनुच्छेद 22(1) पर लागू होगी, जहां तक गिरफ्तारी के आधार को बताने की आवश्यकता का संबंध है। [पैरा 27-29]

## उद्धृत निर्णयज विधि

*हरिकिसान बनाम महाराष्ट्र राज्य व अन्य* [1962] पूरक 2 एससीआर 918 **: 1962 एससीसी ऑनलाइन एससी 117 - का पालन किया।**

*पंकज बंसल बनाम भारत संघ व अन्य* [2023] 12 एससीआर 714 **: 2023 एससीसी ऑनलाइन एससी 1244;** *रॉय वीडी बनाम केरल राज्य* [2000] आपूर्ति 4 एससीआर 539 **: (2000) 8 एससीसी 590;** *लल्लूभाई जोगीभाई पटेल बनाम भारत संघ व अन्य* [1981] 2 एससीआर 352 **: (1981) 2 एससीसी 427 - निर्भरता रखी गयी।**

*राम किशोर अरोड़ा बनाम प्रवर्तन निदेशालय* [2023] 16 एससीआर 743 **: 2023 एससीसी ऑनलाइन एससी 1682 - संदर्भित किया गया।**

## अधिनियमों की सूची

विधिविरूद्ध क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम, 1967; भारत का संविधान; दंड संहिता, 1860

## मुख्य शब्दों की सूची

प्रतिप्रेषण आवेदन; प्रतिप्रेषण का आदेश; गिरफ्तारी ज्ञापन; गिरफ्तारी का आधार; निरोध के आधार; लिखित रूप में गिरफ्तारी के आधार को सूचित करना; गिरफ्तार व्यक्ति को गिरफ्तारी के आधार का सम्प्रेषण; पुलिस अभिरक्षा में प्रतिप्रेषण; अभिरक्षा में प्रतिप्रेषण; गिरफ्तारी के आधार के बारे में सूचित किए जाने का अधिकार; 'गिरफ्तारी के कारण'; 'गिरफ्तारी का आधार'; निवारक निरोध; निरोध का आदेश; अभिरक्षा में लेने के आदेश को लिखित रूप में सूचित किया गया; अभिरक्षा या अवैध निरोध; जीवन एवं व्यक्तिगत स्वतंत्रता का अधिकार; मौलिक अधिकार।

## से उद्भूत मामलें

आपराधिक अपीलीय अधिकारिता : आपराधिक अपील सं. 2577/2024

आप.वि.मा. सं. 7278/2023 में दिल्ली उच्च न्यायालय, नई दिल्ली के दिनांक 13.10.2023 के निर्णय एवं आदेश से

## पक्षकारगण की ओर से उपस्थितियां

अपीलार्थी की ओर से अधिवक्तागण कपिल सिब्बल, सिद्धार्थ अग्रवाल, वरिष्ठ अधिवक्ता, अर्शदीप सिंह खुराना, नितिन सलूजा, हर्ष श्रीवास्तव, हर्षित महलवाल, सिदक सिंह आनंद, मनन खन्ना, निखिल पवार, सुश्री सौजन्या शंकर, सुश्री रूपाली सैमुअल, सुश्री पिंकी दुबे, सुश्री सिमरन खुराना, सुश्री इशिता सोनी, सुश्री प्रण्या मदान, साहिल मोंगिया।

प्रत्यर्थी की ओर से अधिवक्तागण सूर्यप्रकाश वी. राजू, अति.महा.सा., ज़ोहेब हुसैन, मुकेश कुमार मारोरिया, अन्नम वेंकटेश, कानू अग्रवाल, अर्कज कुमार।

## सर्वोच्च न्यायालय का निर्णय/आदेश

**<u>निर्णय</u>**

**न्या. श्री मेहरा**

1. अनुमति प्रदानित।

2. दिल्ली उच्च न्यायालय के विद्वान एकल न्यायाधीश द्वारा पारित दिनांक 13 अक्टूबर, 2023 के आदेश को चुनौती देने के लिए अपीलार्थी की ओर से विशेष अनुमति द्वारा वर्तमान अपील दायर की गई है, जिसके तहत विद्वान एकल न्यायाधीश ने अपीलार्थी द्वारा दायर आपराधिक विविध मामला सं. 7278/2023 को खारिज कर दिया था, जिसमें निम्नलिखित निर्देश देने की मांग की गई थी: -

"क. प्राथमिकी सं. 224/2023 दिनांक 17.08.2023 थाना स्पेशल सेल, लोधी रोड, दिल्ली पुलिस के संबंध में याचिकाकर्ता की गिरफ्तारी को अवैध एवं भारत के संविधान के अनुच्छेद 21 और 22 के तहत गारंटीकृत याचिकाकर्ता के मौलिक अधिकारों का घोर उल्लंघन घोषित करें;

ख. विद्वान् विशिष्ट न्यायाधीश पटियाला हाउस न्यायालय द्वारा पारित दिनांक 04.10.2023 के प्रतिप्रेषण (रिमांड) आदेश को शून्य तथा अमान्य घोषित किया जाए क्योंकि इसे सभी संवैधानिक आदेशों का पूर्ण उल्लंघन करते हुए पारित किया गया है, जिसमें प्रतिप्रेषण कार्यवाही के दौरान अपने चयन के विधि व्यवसायी से परामर्श करने और बचाव करने में विफलता शामिल है, जो भारत के संविधान के अनुच्छेद 22 के तहत याचिकाकर्ता के अधिकार की गारंटी का उल्लंघन है।

ग. प्राथमिकी सं. 224/2023 दिनांक 17.08.2023 थाना स्पेशल सेल, लोधी रोड, दिल्ली पुलिस में अभिरक्षा से याचिकाकर्ता को तत्काल रिहा करने का निर्देश दें।"

**<u>संक्षिप्त तथ्य</u>:-**

3. थाना स्पेशल सेल, लोधी कॉलोनी, नई दिल्ली के अधिकारियों ने अपीलार्थी और कंपनी, अर्थात्, मेसर्स पीपीके न्यूज़क्लिक स्टूडियो प्राइवेट लिमिटेड ("उक्त कंपनी") के आवासीय और कार्यालय परिसरों में व्यापक रूप से छापेमारी की, जिसमें अपीलार्थी थाना स्पेशल सेल में पंजीकृत प्राथमिकी सं. 224/2023 दिनांक 17 अगस्त, 2023 के संबंध में निदेशक हैं, जो विधिविरूद्ध क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम, 1967 (संक्षेप में "यूएपीए") की धाराओं 13, 16, 17, 18, 22ग के तहत दंडनीय अपराधों के लिए भारतीय दंड संहिता, 1860 (एतद्पश्चात् "भा.दं.सं") की धारा 153क, 120ख के साथ पठनीय है। तलाशी और अधिग्रहण की कार्यवाही के दौरान,

अपीलार्थी कंपनी और कंपनी के अन्य कर्मचारियों से संबंधित कई दस्तावेज और डिजिटल डिवाइस अधिग्रहण किये। अपीलार्थी को उक्त प्राथमिकी के संबंध में दिनांक 3 अक्टूबर, 2023 को थाना स्पेशल सेल, लोधी कॉलोनी, नई दिल्ली में तैयार, गिरफ्तारी ज्ञापन (अनुलग्नक पी-7) के माध्यम से गिरफ्तार किया गया था।

4. यहाँ यह उल्लेख करना प्रासंगिक है कि उक्त गिरफ्तारी ज्ञापन कम्प्यूटरीकृत प्रारूप में है और इसमें अपीलार्थी की 'गिरफ्तारी के आधार' के बारे में कोई कॉलम नहीं है। यही मुद्दा मुख्य रूप से अपील के पक्षकारों के बीच विवाद का विषय है।

5. अपीलार्थी को दिनांक 4 अक्टूबर, 2023 को प्रातः 6:00 बजे से कुछ समय पहले, विद्वान अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश-02, पटियाला हाउस न्यायालय, नई दिल्ली (एतद्पश्चात् 'प्रतिप्रेषण न्यायाधीश') की न्यायालय में पेश किया गया, जो तथ्य की अंतर.आ. सं. 217857/2023 के साथ अपील के अभिलेख पर रखे गए प्रतिप्रेषण आदेश (अनुलग्नक पी-1) से प्रकट होता है। अपीलार्थी को दिनांक 4 अक्टूबर, 2023 के आदेश के तहत सात दिनों की पुलिस अभिरक्षा में भेज दिया गया था।

6. प्रतिप्रेषण की कार्यवाही की गम्भीर आलोचना की गई है, क्योंकि अपीलार्थी के विद्वान वरिष्ठ अधिवक्ता श्री कपिल सिब्बल ने इसमें हेराफेरी की है, तथा प्रतिप्रेषण आदेश में बाद में की गई प्रविष्टियों पर संदेह व्यक्त किया गया है। अतः, दिनांक 4 अक्टूबर, 2023 के प्रतिप्रेषण आदेश को चित्रात्मक रूप में पुन: प्रस्तुत करना उचित होगा ताकि इसे इस निर्णय का

भाग बनाया जा सके।

7 ANNEXURE P-1

डॉ. हरदीप कौर
Dr HARDEEP KAUR
अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश-02
Additional Sessions Judge-02
कमरा नं. 15, प्रथम तल मुख्य भवन
Room No. 15, First Floor, Main Building
पटियाला हाउस कोर्ट,
Patiala House Courts
नई दिल्ली
New Delhi

Present :- Sh. Atul K. Srivastva Ld APP for the State
IO in person
Accused persons present with Remand counsel Sh. Umakant Kataria
Sh. Arshdeep Singh Khurana counsel for accused persons. (Mob. No. 9971140092) through telephone call

An application has been moved by the IO seeking police custody remand of accused Prabir Purkayastha and Amit Chakrabarty for a period of 15 days. Copy of remand application sent through whatsapp to counsel for accused persons.

Heard. Record Perused.

Considering the intricate nature of investigation required in the instant matter, accused Prabir Purkayastha and Amit Chakrabarty are remanded to police custody for a period of 7 days i.e till 10th Oct.

Application is disposed of accordingly.

Accused persons must be medically examine every 48 hours during their police custody remand.

अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश-02
Additional Sessions Judge-02
New Delhi

Hardeep Kaur
ASJ-02, PHC
New Delhi
4th Oct. 2023, Time 6.00 AM
अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश-02
Additional Sessions Judge-02
नई दिल्ली
New Delhi

7. अपीलार्थी ने अपनी गिरफ्तारी तथा विद्वान प्रतिप्रेषण न्यायाधीश द्वारा दिनांक 4 अक्टूबर, 2023 के आदेश के तहत दी गई पुलिस अभिरक्षा प्रतिप्रेषण पर तुरंत प्रश्नचिह्न लगाया तथा दिल्ली उच्च न्यायालय में आपराधिक विविध मामला सं. 7278/2023 दर्ज किया, जिसे दिल्ली उच्च न्यायालय के विद्वान एकल न्यायाधीश ने दिनांक 13 अक्टूबर, 2023 के निर्णय के तहत खारिज कर दिया है। उक्त आदेश को इस अपील में विशेष अनुमति द्वारा चुनौती दी जा सकती है।

**<u>अपीलार्थी की ओर से प्रस्तुतियाँ</u>: -**

8. अपीलार्थी का प्रतिनिधित्व करने वाले विद्वान वरिष्ठ अधिवक्ता श्री कपिल सिब्बल ने अपीलार्थी की गिरफ्तारी और प्रतिप्रेषण की कार्यवाही पर सवाल उठाने के लिए निम्नलिखित प्रस्तुतियां पेश कीं:-

(i) प्राथमिकी सं. 224/2023 (प्राथमिकी जिसके संबंध में अपीलार्थी को गिरफ्तार किया गया था) वस्तुतः उन्हीं तथ्यों पर आधारित दूसरी प्राथमिकी के अलावा कुछ नहीं है क्योंकि इससे पहले, दिनांक 26 अगस्त, 2020 को एक अन्य प्राथमिकी सं. 116/2020 थाना ईओडब्ल्यू, दिल्ली पुलिस ("ईओडब्ल्यू प्राथमिकी") द्वारा दर्ज की गई थी, जिसमें अपीलार्थी और कंपनी द्वारा प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) नियमों तथा देश के अन्य कानूनों का उल्लंघन करने का आरोप लगाया गया था, जिससे सरकारी खजाने को नुकसान हुआ था। हालाँकि, उक्त प्राथमिकी की एक प्रति अपीलार्थी को प्रदान नहीं की गई थी। ईओडब्ल्यू प्राथमिकी को पूर्ववर्ती अपराधों को प्रकट करने के रूप में मानते हुए, प्रवर्तन निदेशालय (संक्षेप में "ईडी") ने धन शोधन निवारण अधिनियम, 2002 (संक्षेप में 'पीएमएलए') की धारा 3 व 4 के तहत दंडनीय अपराधों के लिए एक प्रवर्तन मामला सूचना रिपोर्ट (संक्षेप में 'ईसीआईआर') दर्ज की। ईडी ने मेसर्स पीपीके न्यूज़क्लिक स्टूडियो प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के कार्यालय सहित विभिन्न स्थानों पर व्यापक तलाशी और अधिग्रहण अभियान चलाया, जिसका अपीलार्थी निदेशक है।

(ii) कंपनी ने रिट याचिका (आप.) सं. 1129/2021 एवं 1130/2021 दायर करके ईसीआईआर का विरोध किया, जिसमें दिनांक 21 जून, 2021 को दिल्ली उच्च न्यायालय द्वारा बलपूर्वक कदम उठाने के खिलाफ अंतरिम संरक्षण प्रदान किया गया था। अपीलार्थी को दिनांक 7 जुलाई, 2021 के आदेश के तहत अग्रिम जमानत की

मांग करने वाली एक अर्जी में अंतरिम सुरक्षा भी प्रदान की गई थी।

(iii) प्राथमिकी सं. 224/2023 पूरी तरह से अनुमान और कयासों के आधार पर दर्ज की गई है, जबकि रिपोर्ट में लगाए गए आरोपों में कोई तथ्य नहीं है। प्राथमिकी की विषय-वस्तु, जो अपीलार्थी को बहुत बाद में उपलब्ध कराई गई, एक विशुद्ध काल्पनिक कहानी है, जिसमें प्राथमिकी दर्ज करने के लिए कोई मौलिक तथ्य या सामग्री नहीं है।

(iv) निस्संदेह, प्राथमिकी सं. 224/2023 की प्रति न तो सार्वजनिक अधिक्षेत्र में उपलब्ध कराई गई तथा न ही अपीलार्थी को उसकी गिरफ्तारी एवं प्रतिप्रेषण तक इसकी प्रति दी गई, जो कि भारत के संविधान के अनुच्छेद 20, 21 व 22 में निहित जीवन और व्यक्तिगत स्वतंत्रता के मौलिक अधिकार का पूर्ण उल्लंघन है।

(v) श्री सिब्बल ने बताया कि विद्वान प्रतिप्रेषण न्यायाधीश ने दिनांक 5 अक्टूबर, 2023 के आदेश के तहत अपीलार्थी द्वारा दायर आवेदन को स्वीकार कर लिया, जिसमें उक्त प्राथमिकी की प्रमाणित प्रति मांगी गई थी, जिसे अपीलार्थी के विद्वान अधिवक्ता को दिनांक 5 अक्टूबर, 2023 को देर शाम को प्रदान किया गया था, अर्थात् अपीलार्थी को पुलिस अभिरक्षा में भेजे जाने के काफी समय बाद किया गया था।

(vi) अपीलार्थी को गिरफ्तारी के आधार मौखिक या लिखित रूप से नहीं बताए गए थे तथा ऐसी कार्रवाई भारत के संविधान के अनुच्छेद 22(1) एवं दंड प्रक्रिया संहिता, 1973 की धारा 50 (एतद्पश्चात् 'दं.प्र.सं.') के तहत संवैधानिक आदेश का घोर उल्लंघन है।

(vii) विद्वान वरिष्ठ अधिवक्ता द्वारा *पंकज बंसल बनाम भारत संघ एवं अन्य* में इस न्यायालय के निर्णय पर भरोसा किया गया तथा

तर्क दिया गया कि यदि ऐसी गिरफ्तारी कानून के अनुरूप नहीं थी, तो मात्र आनुक्रमिक प्रतिप्रेषण आदेश पारित करना प्रारंभिक गिरफ्तारी को वैध बनाने के लिए पर्याप्त नहीं होगा। विद्वान वरिष्ठ अधिवक्ता ने आग्रह किया कि इस न्यायालय ने *पंकज बंसल* (पूर्वोक्त) के मामले में पीएमएलए की धारा 19(1) के प्रावधान की व्याख्या की जो यूएपीए की धारा 43ख(1) में निहित प्रावधानों के *समविशय* में है। इस प्रकार, उक्त निर्णय अपीलार्थी के मामले पर पूर्णतः लागू होता है।

(viii) श्री सिब्बल ने *पंकज बंसल* (पूर्वोक्त) के निर्णय में की गई टिप्पणियों का उल्लेख किया एवं आग्रह किया कि चूंकि अपीलार्थी को उसकी गिरफ्तारी के समय तथा उसे पुलिस अभिरक्षा में भेजने से पहले गिरफ्तारी के आधार नहीं बताए गए थे, अतः अपीलार्थी की निरंतर अभिरक्षा, कानून की नजर में पूरी तरह से अवैध और अमान्य है क्योंकि यह भारत के संविधान के अनुच्छेद 22(1) के आदेश के विरुद्ध है।

(ix) श्री सिब्बल ने आगे आग्रह किया कि *राम किशोर अरोड़ा बनाम प्रवर्तन निदेशालय मामले* में इस न्यायालय की दो न्यायाधीशों की न्यायपीठ द्वारा *पंकज बंसल* (पूर्वोक्त) मामले में दिए गए निर्णय को भावी परिप्रेक्ष्य में लागू मानने का दृष्टिकोण भी अपीलार्थी के अनुतोष मांगने के आड़े नहीं आएगा। उन्होंने बताया कि *पंकज बंसल* (पूर्वोक्त) के मामले में निर्णय दिनांक 3 अक्टूबर, 2023 को सुनाया गया था, जबकि अपीलार्थी का अवैध प्रतिप्रेषण आदेश दिनांक 4 अक्टूबर, 2023 को पारित किया गया था एवं इसलिए, *पंकज बंसल* (पूर्वोक्त) के मामले में निर्धारित विधि *राम किशोर अरोड़ा* (पूर्वोक्त) में दी गई व्याख्या के बावजूद अपीलार्थी के मामले में पूरी तरह से लागू है।

(x) अपीलार्थी की गिरफ्तारी भारतीय संविधान के अनुच्छेद 22 में निहित प्रावधानों का घोर उल्लंघन है, अतः अपीलार्थी प्रतिप्रेषण आदेश को अभिखंडित करने एवं अभिरक्षा से तत्काल रिहाई के लिए निर्देश मांगने का हकदार है।

(xi) अपीलार्थी को गिरफ्तार करने और प्रतिप्रेषण मांगने में जांच अधिकारी की कार्रवाई न केवल *दुर्भावनापूर्ण* है, बल्कि उच्चतम स्तर की धोखाधड़ी से भी भरी हुई है।

(xii) दिनांक 4 अक्टूबर, 2023 के प्रतिप्रेषण आदेश का हवाला देते हुए, यह तर्क दिया गया कि अपीलार्थी को जांच अधिकारी द्वारा गिरफ्तारी का आधार बताए बिना रात भर बंधक बनाकर रखा गया था। उसे दिनांक 4 अक्टूबर, 2023 को सुबह-सुबह विद्वान प्रतिप्रेषण न्यायाधीश न्यायालय में अपीलार्थी की ओर से नियुक्त अधिवक्ता श्री अर्शदीप खुराना को सूचित किए बिना पेश किया गया, जो कथित तौर पर जांच अधिकारी के संपर्क में थे क्योंकि वे अपीलार्थी की गिरफ्तारी के बाद थाना लोधी कॉलोनी में कार्यवाही में शामिल हुए थे। अपीलार्थी की पुलिस अभिरक्षा प्रतिप्रेषण गुप्त रूप से प्राप्त करने के लिए, जांच अधिकारी ने अपीलार्थी को विद्वान प्रतिप्रेषण न्यायाधीश के निवास पर सुबह 6:00 बजे से पहले पेश किया, तथा इसके लिए प्रतिप्रेषण अधिवक्ता श्री उमाकांत कटारिया को सूचित किया, जिन्हें अपीलार्थी ने कभी भी अपना पक्ष रखने के लिए नियुक्त नहीं किया था।

(xiii) विद्वान प्रतिप्रेषण न्यायाधीश ने अभियुक्त को ठीक प्रातः 6:00 बजे पुलिस अभिरक्षा में भेज दिया, जैसा कि प्रतिप्रेषण आदेश (उपर्युक्त) से स्पष्ट है। अपीलार्थी के अधिवक्ता श्री अर्शदीप खुराना को सुबह 7:07 बजे व्हाट्सएप संदेश द्वारा प्रतिप्रेषण देने के आदेश के बारे में सूचित किया गया था, लेकिन यह निरर्थक प्रयास

था क्योंकि इस बात की कोई संभावना नहीं थी कि विद्वान अधिवक्ता प्रतिप्रेषण के लिए प्रार्थना का विरोध करने के लिए समय पर विद्वान प्रतिप्रेषण न्यायाधीश के निवास पर पहुंच पाते।

(xiv) तथ्य यह है कि प्रतिप्रेषण आवेदन पहले ही सुबह 6 बजे स्वीकार कर लिया गया था, जो तथ्य प्रतिप्रेषण आदेश (पूर्वोक्त) के अंत में संलग्न समय से प्रकट होता है। विद्वान प्रतिप्रेषण न्यायाधीश ने कार्यवाही पर हस्ताक्षर करते हुए समय सुबह 6:00 बजे दर्ज किया। अतः, इस निष्कर्ष से कोई बच नहीं सकता कि प्रतिप्रेषण आदेश अपीलार्थी या उसके द्वारा नियुक्त अधिवक्ता को गिरफ्तारी के आधार की प्रति दिए बिना पारित किया गया था। अपीलार्थी को जानबूझकर उसकी गिरफ्तारी के आधार के बारे में जानकारी से वंचित रखा गया और इस प्रकार उसे और उसके अधिवक्ता को पुलिस अभिरक्षा प्रतिप्रेषण की प्रार्थना का विरोध करने और जमानत मांगने से रोका गया।

(xv) उसने आगे आग्रह किया कि प्रत्यर्थी द्वारा लिया गया यह रुख कि गिरफ्तारी के आधार अपीलार्थी के विद्वान अधिवक्ता को विद्वान प्रतिप्रेषण न्यायाधीश द्वारा प्रतिप्रेषण आदेश पारित करने से काफी पहले ही बता दिए गए थे, अभिलेख के आधार पर अस्वीकार्य है क्योंकि प्रतिप्रेषण आदेश पारित करने का समय दिनांक 4 अक्टूबर, 2023 के आदेश में स्पष्ट रूप से सुबह 6 बजे दर्ज है। यह सच है कि गिरफ्तारी के आधार अपीलार्थी के अधिवक्ता श्री अर्शदीप खुराना को सुबह 7 बजे के बाद बताए गए। यह तर्क दिया गया कि दिनांक 4 अक्टूबर, 2023 के आदेश में विद्वान प्रतिप्रेषण न्यायाधीश द्वारा की गई टिप्पणी कि प्रतिप्रेषण के लिए आवेदन पर अपीलार्थी के विद्वान अधिवक्ता को सुना गया था, प्रतिप्रेषण आदेश से स्पष्ट रूप से दिखाई देने वाली बाद की प्रविष्टि है। इन

पंक्तियों को बाद में जोड़े जाने का तथ्य इस तथ्य से पुष्ट होता है कि जब तक अधिवक्ता को सूचित किया गया तथा गिरफ्तारी के कथित आधारों वाली प्रतिप्रेषण आवेदन की प्रति उन्हें भेजी गई, तब तक अपीलार्थी को पहले ही पुलिस अभिरक्षा में भेज दिया गया था।

(xvi) प्राथमिकी सं. 224/2023 में मूल तथ्य ईओडब्ल्यू प्राथमिकी में लगाए गए आरोपों से लगभग समान हैं। ईओडब्ल्यू प्राथमिकी में दिल्ली उच्च न्यायालय द्वारा अपीलार्थी को गिरफ्तारी से संरक्षण प्रदान किया गया था। इस संरक्षण के कारण, अपीलार्थी को सलाखों के पीछे डालने में अधिकारियों का दुर्भावनापूर्ण उद्देश्य पूरा नहीं हो रहा था तथा इसलिए, पूरी तरह से मनगढ़ंत आरोपों के साथ एक नई प्राथमिकी सं. 224/2023 दर्ज की गई एवं अपीलार्थी को प्राथमिकी की प्रति प्रदान किए बिना और गिरफ्तारी के आधार बताए बिना उसे अवैध रूप से उसकी स्वतंत्रता से वंचित कर दिया गया।

9. इन आधारों पर, श्री सिब्बल ने न्यायालय से अपील स्वीकार करने, आक्षेपित आदेशों को अपास्त करने तथा उपरोक्त प्राथमिकी के संबंध में अपीलार्थी को अभिरक्षा से रिहा करने का निर्देश देने का अनुरोध किया।

**<u>प्रत्यर्थी की ओर से प्रस्तुतिः -</u>**

10. इसके विपरीत, प्रत्यर्थी की ओर से उपस्थित विद्वान अति.महा.सा. श्री सूर्यप्रकाश वी. राजू ने अपीलार्थी के विद्वान अधिवक्ता द्वारा प्रस्तुत प्रस्तुतियों का जोरदार तथा उग्रता से विरोध किया और निम्नलिखित प्रासंगिक प्रस्तुतियां दीं:-

(i) उसने आग्रह किया कि *पंकज बंसल* (पूर्वोक्त) मामले में दिए गए निर्णय को इस न्यायालय द्वारा *राम किशोर अरोड़ा* (पूर्वोक्त) मामले में भी लागू माना गया है।

(ii) अपीलार्थी को दिनांक 4 अक्टूबर, 2023 को पुलिस अभिरक्षा में भेज दिया गया, जबकि *पंकज बंसल* (पूर्वोक्त) के मामले में निर्णय दिनांक 4 अक्टूबर, 2023 को देरी से इस न्यायालय की वेबसाइट पर अपलोड किया गया था और इसलिए, गिरफ्तार करने वाले अधिकारी से उक्त निर्णय में दिए गए निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित करने की उम्मीद नहीं की जा सकती थी। उसने आग्रह किया कि अपीलार्थी को गिरफ्तारी के आधार लिखित रूप में प्रस्तुत करने में जांच अधिकारी की कथित निष्क्रियता पर सवाल नहीं उठाया जा सकता है, क्योंकि *पंकज बंसल* (पूर्वोक्त) में निर्णय को प्रतिप्रेषण आदेश पारित होने के बाद अपलोड किया गया था और लोकाधिकारी क्षेत्र में लाया गया था।

(iii) उपरोक्त के प्रति पूर्वाग्रह के बिना, विद्वान अति.महा.सा. ने आग्रह किया कि दिल्ली उच्च न्यायालय के समक्ष दायर याचिकाओं में अपीलार्थी के संस्करण के अनुसार, उसे वास्तव में सुबह 7:00 बजे के बाद पुलिस अभिरक्षा में भेज दिया गया था। इन दलीलों के संदर्भ में, श्री राजू ने तर्क दिया कि अपीलार्थी को यह कहते हुए नहीं सुना जा सकता कि उसे अवैध तरीके से पुलिस अभिरक्षा में भेजा गया था और गिरफ्तारी के आधार उसे लिखित रूप में बताए बिना भेजे गए थे।

(iv) विद्वान अति.महा.सा. ने भारत के संविधान के अनुच्छेद 22(1) तथा 22(5) में निहित प्रावधानों का उल्लेख किया और आग्रह किया कि दोनों प्रावधानों में ऐसा कोई आदेश नहीं है कि गिरफ्तारी

या अभिरक्षा के आधार को अभियुक्त या अभिरक्षा में लिए गए व्यक्ति को, यथास्थिति, लिखित रूप में सूचित किया जाना चाहिए।

(v) उन्होंने आग्रह किया कि भारत के संविधान के अनुच्छेद 22(1) द्वारा अपीलार्थी को कानूनी व्यवसायी से परामर्श करने तथा बचाव कराने के अधिकार का अक्षरशः पालन किया गया था, क्योंकि अपीलार्थी के रिश्तेदार, अर्थात् श्री ऋषभ बेली को विद्वान प्रतिप्रेषण न्यायाधीश के समक्ष अपीलार्थी को पेश करने से पहले सूचित किया गया था। निस्संदेह, श्री ऋषभ बेली ने अपीलार्थी के अधिवक्ता श्री अर्शदीप खुराना को अपीलार्थी की पुलिस अभिरक्षा प्रतिप्रेषण की प्रस्तावित कार्यवाही के बारे में सूचित किया था।

(vi) उन्होंने आग्रह किया कि अधिवक्ता ने हेड कांस्टेबल राजेंद्र सिंह के माध्यम से व्हाट्सएप पर पुलिस अभिरक्षा प्रतिप्रेषण की प्रार्थना के खिलाफ एक लिखित आपत्ति प्रेषित की तथा विद्वान प्रतिप्रेषण न्यायाधीश ने दिनांक 4 अक्टूबर, 2023 के प्रतिप्रेषण आदेश में प्रतिप्रेषण का विरोध करने वाली उक्त आपत्ति पर ध्यान दिया है और इस प्रकार यह तर्क देना निरर्थक होगा कि प्रतिप्रेषण देने का आदेश किसी भी तरह से अवैध है।

(vii) विद्वान अति.महा.सा. ने आगे तर्क दिया कि अब जांच पूरी हो चुकी है एवं आरोप पत्र भी पहले ही दायर किया जा चुका है तथा, इस प्रकार, अपीलार्थी की गिरफ्तारी व प्रारंभिक पुलिस अभिरक्षा प्रतिप्रेषण प्रदान करने में अवैधता/अनियमितता, यदि कोई हो, समाप्त हो गई है और इसलिए, अपीलार्थी इससे पूर्वाग्रहित होने का दावा नहीं कर सकता है।

(viii) उन्होंने जोरदार ढंग से आग्रह किया कि पीएमएलए की धारा 19 और यूएपीए की धारा 43क एवं 43ख में प्रयुक्त भाषा में महत्वपूर्ण अंतर हैं तथा इस प्रकार, *पंकज बंसल* (पूर्वोक्त) में इस न्यायालय

द्वारा निर्धारित विधि, प्रतिप्रेषण आदेश को चुनौती देने में अपीलार्थी की सहायता के लिए नहीं आता है।

(ix) विद्वान अति.महा.सा. ने आगे आग्रह किया कि न्यायिक कार्यों के निर्वहन में किए गए कार्यों की शुद्धता के बारे में धारणा है तथा इसलिए, दिनांक 4 अक्टूबर, 2023 के प्रतिप्रेषण आदेश में दर्ज की गई टिप्पणी कि अपीलार्थी के अधिवक्ता को प्रतिप्रेषण आवेदन पर सुना गया था एवं अपीलार्थी को गिरफ्तारी के आधार से अवगत कराया गया था, पर सवाल नहीं उठाया जा सकता है या संदेह नहीं किया जा सकता है। उन्होंने न्यायालय से अपील खारिज करने और दिल्ली उच्च न्यायालय द्वारा पारित आदेश की पुष्टि करने का अनुरोध किया।

**अपीलार्थी के विद्वान अधिवक्ता की ओर से प्रत्युत्तर: -**

11. अपीलार्थी के विद्वान वरिष्ठ अधिवक्ता श्री सिब्बल ने प्रस्तुत किया कि विद्वान अति.महा.सा. द्वारा दिया गया तर्क कि पीएमएलए की धारा 19 और यूएपीए की धारा 43क और 43ख में निहित प्रावधान अलग-अलग क्षेत्रों में काम करते हैं, जोकि त्रुटिपूर्ण है। उन्होंने आग्रह किया कि दोनों प्रावधानों की भाषा *समविशय में* है और इसलिए ***पंकज बंसल*** (पूर्वोक्त) में निर्धारित विधि इस विवाद को पूरी तरह से आच्छादित करता है।

12. श्री सिब्बल ने इस बात पर जोर दिया कि दिनांक 4 अक्टूबर, 2023 के आदेश को देखने पर यह स्पष्ट है कि अपीलार्थी के विद्वान अधिवक्ता को प्रतिप्रेषण आवेदन की प्रति भेजने और अधिवक्ता को टेलीफोन कॉल के माध्यम से सुनवाई का अवसर प्रदान करने संबंधी पंक्तियों को बाद में आदेश में शामिल किया गया है। उन्होंने आग्रह किया कि विद्वान अति.महा.सा. श्री राजू द्वारा प्रस्तुत यह तर्क कि न्यायिक कार्यवाही की शुद्धता के संबंध में पूर्वधारणा है, को मामले के विशिष्ट तथ्यों के आधार

पर सत्य के रूप में स्वीकार नहीं किया जा सकता है। उन्होंने तर्क दिया कि दिनांक 4 अक्टूबर, 2023 के प्रतिप्रेषण आदेश पर समान सिद्धांत को लागू करना, विद्वान अति.महा.सा द्वारा लिए गए रुख के प्रतिकूल है, क्योंकि आदेश में पारित होने का समय सुबह 6:00 बजे दर्ज किया गया है, जबकि अधिवक्ता को स्वाभाविक रूप से सुबह 7:00 बजे के बाद सूचित किया गया था। इस प्रकार, प्रतिप्रेषण आवेदन को अधिवक्ता के पास भेजे जाने या प्रतिप्रेषण आदेश पारित करने से पहले उनकी बात सुने जाने की कोई संभावना नहीं थी। इस प्रकार, उन्होंने अपनी प्रस्तुतियां दोहराईं और अपील स्वीकार करने की मांग की थी।

**चर्चा एवं निष्कर्ष:-**

13. हमने बार में प्रस्तुत किए गए सुझावों पर गहन विचार किया है तथा अभिलेख पर रखी गई सामग्री का अध्ययन किया है।

14. चूंकि, विद्वान अति.महा.सा. ने ***पंकज बंसल*** (पूर्वोक्त) के निर्णय के आवेदन के संबंध में एक जोरदार तर्क दिया है, जिसमें आग्रह किया गया है कि पीएमएलए की धारा 19 और यूएपीए की धारा 43क और 43ख में निहित प्रावधानों के बीच एक अंतर्निहित अंतर है, अतः हमारे लिए सबसे पहले उक्त प्रस्तुतिकरण को संबोधित करना उचित होगा।

15. ***पंकज बंसल*** (पूर्वोक्त) के मामले में, इस न्यायालय ने पीएमएलए, दं.प्र.सं. में निहित प्रावधानों एवं अनुच्छेद 22 के तहत प्रदत्त संवैधानिक आदेश पर विस्तृत विचार करने के पश्चात् निम्नानुसार निर्णय दिया: -

> **"32. इस संबंध में, हम यह ध्यान दे सकते हैं कि संविधान के अनुच्छेद 22(1) अन्य बातों के साथ-साथ यह प्रावधान करता है कि गिरफ्तार किए गए किसी भी व्यक्ति को, यथाशीघ्र, ऐसी गिरफ्तारी के आधारों की सूचना दिए बिना अभिरक्षा में नहीं रखा जाएगा। चूंकि यह गिरफ्तार व्यक्ति को दिया गया मौलिक अधिकार है, अतः गिरफ्तारी के आधार की जानकारी देने का तरीका आवश्यक रूप से सार्थक होना चाहिए ताकि**

**इच्छित उद्देश्य की पूर्ति हो सके।** यह ध्यान देने योग्य है कि वर्ष 2002 के अधिनियम की धारा 45, धारा 19 के अंतर्गत गिरफ्तार व्यक्ति को जमानत पर रिहाई की मांग करने में सक्षम बनाती है, लेकिन इसमें यह प्रावधान है कि जब तक इसके अंतर्गत निर्धारित दो शर्तें पूरी नहीं होती हैं, तब तक ऐसा व्यक्ति जमानत पाने का हकदार नहीं होगा। प्रावधान में निर्धारित दो शर्तें हैं - पहली, न्यायालय को सरकारी अभियोजक को रिहाई के आवेदन का विरोध करने का अवसर देने के बाद संतुष्ट होना चाहिए कि यह मानने के लिए उचित आधार हैं कि गिरफ्तार व्यक्ति अपराध का दोषी नहीं है, और दूसरी बात, कि जमानत पर रहते हुए उसके द्वारा कोई अपराध करने की संभावना नहीं है। इस आवश्यकता को पूरा करने के लिए, गिरफ्तार व्यक्ति के लिए यह जानना आवश्यक होगा कि प्राधिकृत अधिकारी ने उसे धारा 19 के अंतर्गत किस आधार पर गिरफ्तार किया है तथा अधिकारी के 'विश्वास करने के कारण' का आधार क्या है कि वह 2002 के अधिनियम के अंतर्गत दंडनीय अपराध का दोषी है। यदि गिरफ्तार व्यक्ति को इन तथ्यों का ज्ञान है, तभी वह विशेष न्यायालय के समक्ष यह दलील देने और साबित करने की स्थिति में होगा कि यह मानने के आधार हैं कि वह ऐसे अपराध का दोषी नहीं है, ताकि उसे जमानत की राहत मिल सके। **अतः, संविधान के अनुच्छेद 22(1) तथा 2002 के अधिनियम की धारा 19 के तहत गिरफ्तारी के आधारों का संचार इस उच्च उद्देश्य की पूर्ति के लिए है और इसे उचित महत्व दिया जाना चाहिए।**

**36. ऐसी स्थिति में, इस बात का कोई वैध कारण नहीं है कि गिरफ्तारी के ऐसे लिखित आधारों की एक प्रति गिरफ्तार व्यक्ति को स्वाभाविक रूप से और बिना किसी अपवाद के क्यों न दी जाए। इसके दो मुख्य कारण हैं कि सिद्धांत रूप में इस कार्यवाही को क्यों अपनाया जाना उचित होगा। सबसे पहले, यदि गिरफ्तारी के ऐसे**

